हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 14 नवंबर 2025


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 रासेयो ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई की





14 छग उत्थान समिति ने किया एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण






## खबर संक्षेप

### जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन कल



**बलौदाबाजार।** जनजातीय गौरव दिवस के तहत इस वर्ष भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देश में 1 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। यहां 15 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

### स्व. डॉ. विश्वनाथ की स्मृति में राष्ट्रीय संगोष्ठी सह कार्यशाला आज



**खरोरा।** अंचल के प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कृषि अर्थशास्त्री स्व. डॉ. विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा की स्मृति में 14 नवंबर को रायपुर स्थित राधाबाई कन्या नवीन महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं भूगोल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा करेंगे, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। यह आयोजन स्व. डॉ. मिश्रा के प्रेरणादायी जीवन और शिक्षा क्षेत्र में दिए गए असाधारण योगदान को समर्पित है। उन्होंने अपने अध्यापकीय जीवन में सदैव युवाओं को रचनात्मकता, नैतिकता और सेवा भावना की दिशा में प्रेरित किया।

### सिंधोरा में सुवा नृत्य प्रतियोगिता कल

**पलारी।** विकासखंड के ग्राम सिंधोरा में सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 15 नवंबर को रखा गया है। इसमें आसपास एवं अन्य जिला के प्रतिभागी सुवा नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचते हैं, जिसमें प्रतिभागियों के लिए विशेष रूप से पुरस्कार रखा गया है। लोकेश यदु ने बताया कि इसमें प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय 10 हजार, तृतीय 7 हजार, चतुर्थ 5 हजार, पंचम 3 हजार, षष्ठम 2 हजार, सप्तम पुरस्कार 1100 रुपए एवं शील्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

### शिविर में दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर परियोजना कार्य के अंतर्गत शाला प्रांगण की साफ सफाई की गई। बौधिक सत्र के दौरान यातायात विभाग से एएसआई झुमुक लाल हिरवानी, हरिश चंद्राकर एवं चद्रवंशी आरक्षक द्वारा यातायात संबंधी जानकारी दी गई।

# जिला पुलिस ने चेकिंग अभियान में 16 स्थानों पर की नाकाबंदी

## 203 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से 12 नवम्बर की रात 8 से 12 बजे तक जिलेभर में एक सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान जिले के 16 महत्वपूर्ण स्थानों पर नाकाबंदी की गई और सुनसान, आउटर क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग की गई।

अंबेडकर चौक बलौदाबाजार, थाना पलारी के सामने, खरतोरा मोड लवन, करहीबाजार आमगांव पुल, नाका नंबर 01 भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, पटपर चौक भाटापारा, ग्राम सुहेला तिगड्डा, हथबंद तिगड्डा, हडहापारा चौक कसडोल, बस स्टैंड गिधौरी, सोनाखान, बया जैसे महत्वपूर्ण 16 स्थानों पर चेकिंग पॉइंट्स लगाए गए। नाकाबंदी का मुख्य फोकस अवैध रूप से शराब, मादक पदार्थों और अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वालों की धरपकड़ पर था। इसके अलावा, रात के समय बेवजह घूमने वाले और अड्डेबाजी करने वाले लोगों से पूछताछ की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 203 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। सुनसान इलाकों और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते हुए 23 लोगों को पकड़ा गया, जिनके खिलाफ आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है।





### वाहनों की गहनता से की जांच

पुलिस टीमों ने संबंधित थाना प्रभारियों की उपस्थिति में पर्याप्त बल के साथ यह अभियान चलाया। आने-जाने वाले सभी वाहनों और लोगों की गहनता से जांच की गई तथा उनसे रात्रि में यात्रा करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी ली गई। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह के अभियान जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## नोडल अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, 66 धान उपार्जन केंद्रों में समाधान पेटी की सुविधा

# धान खरीदी के लिए प्रशासन ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

जिले में धान खरीदी की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। जिला प्रशासन की टीम पूरी मुस्तैदी से धान खरीदी की तैयारी में जुटा हैं। इसी कड़ी में धान खरीदी के नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को हुआ। प्रशिक्षण में चरणबद्ध तरीके से धान खरीदी की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। टोकन जारी होने से लेकर धान के परिदान तक का प्रशिक्षण नोडल अधिकारियों को दिया गया। 66 धान उपार्जन केंद्रों में समाधान पेटी की सुविधा रखी गई है।

बैठक में बताया गया कि धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए किसान और उसके वाहन की अनिवार्य रूप से फोटोग्राफी कराई जाएगी। इसके बाद आवक रजिस्टर में और सिस्टम में यह फोटो अपलोड की जाएगी।

फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा भी प्रक्रिया पर नजर रहेगी। संयुक्त जिला कार्यालय स्थित संपर्क केंद्र को कंट्रोल रूप बनाया गया है संपर्क केंद्र के मोबाइल नंबर पर 24 घंटे शिकायत या जानकारी साझा की जा सकेगी।

### किसान और उसके वाहन की अनिवार्य रूप से फोटोग्राफी कराई जाएगी




### 1 लाख 65 हज़ार से अधिक किसानों का पंजीयन

बैठक में बताया गया कि धान खरीदी हेतु बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है और समितियों में 15 दिन की खरीदी के लिए आवश्यक संख्या में बारदाना उपलब्ध करा दिया गया है। किसानों की सुविधा के लिए टोकन तुहंर हाथ मोबाइल एप्लीकेशन की भी सुविधा है, जिसके माध्यम से किसान ख़ुद भी अपना टोकन प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टेक के माध्यम से जिले के 1 लाख 65 हज़ार से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

### दो दिनों में होगा किसानों की समस्याओं का समाधान

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि धान खरीदी राज्य शासन का सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इसलिए पूरी सतर्कता से कार्य करें। श्री सोनी ने कहा कि किसानों को धान विक्रय के समय कोई परेशानी न हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में समाधान पेटी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसान अपनी समस्या से जिला प्रशासन को अवगत करा सकेंगे। इसके बाद 2 दिनों के भीतर किसानों की समस्या का समाधान करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने किसानों की सुविधा के लिए बैठक व्यवस्था और पेयजल इत्यादि की भी समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। अवैध धान परिवहन पर भी जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी है, प्रतिदिन बिचौलियों पर कार्यवाही भी की जा रही है।

### धान के अवैध परिवहन पर रोक लगाने जिले में बनाये गए 12 चेक पोस्ट




**बलौदाबाजार।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी के पूर्व अवैध धान परिवहन रोकथाम हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर कड़ी निगरानी की जा रहा हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को अपर कलेक्टर अवध राम टंडन एवं डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली ने चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को सतर्कता से कार्य करने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने चेक पोस्ट का निरीक्षण करते हुए अवैध धान परिवहन पर कार्यवाही किये जाने के संबंध में निर्देशित किया। अन्य जिले अथवा अन्य राज्य से आने वाले धान के आयात पर भी पैनी नजर रखने कहा गया। बताया गया कि अवैध धान परिवहन के लिए जिले के 12 स्थानों पर चेक पोस्ट स्थापित किया गया है। इसमें मंडी, खाद्य, पुलिस, सहकारिता एवं राजस्व के कर्मचारियों की 3 पाली में ड्यूटी लगाई है। अवैध धान खपाने वाले कोचियां एवं बिचौलियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले में कही भी अवैध धान परिवहन की शिकायत प्राप्त होने पर मंडी अधिनियम 1972, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत एवं शासन से प्राप्त नीति व मापदण्ड अनुसार नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यदुवंशी समाज ने सदैव धर्म संस्कृति और परंपरा की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

पलारी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गातापार में झेरिया यादव समाज के तत्वावधान में राउत नाचा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

महोत्सव में विधायक साहू ने कहा कि हमारे यदुवंशी समाज ने सदैव धर्म, संस्कृति और परंपरा की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज के युवा पारंपरिक वेशभूषा में राउत नाचा प्रस्तुत कर अपनी कला और संस्कृति को जीवंत बनाए हुए हैं। कार्यक्रम में कलाकारों के जोश और जुनून ने सभी का मन मोह लिया। विधायक साहू ने कहा कि नई पीढ़ी अपने पूर्वजों की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। यह गर्व का विषय है। राउत नाचा केवल नृत्य नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित लोगों से समाज की एकता और परंपरा को बनाए रखने का आह्वान किया।

- राउत नाचा महोत्सव में शामिल हुए विधायक संदीप

कार्यक्रम के दौरान झेरिया यादव समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। मंच संचालन समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक संगीत, ढोल-मांदर की गूंज और रंग-बिरंगे परिधानों ने उत्सव का माहौल बना दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम छेरकापुर निवासी जॉन मिल्टन पिता नरेंद्र रात्रे को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो बलौदाबाजार गिर्जेश प्रताप सिंह ने थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत घटित नाबालिग से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में आरोपी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अर्थदंड राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

मामले के अनुसार आरोपी ने पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर अपने गांव छेरकापुर ले जाकर



लगातार तीन माह तक बंधक बनाकर शारीरिक शोषण किया। घटना की जानकारी पीड़िता के पिता द्वारा बालक कल्याण समिति बलौदाबाजार को दी गई। इसके बाद जिला बाल संरक्षण इकाई और थाना पलारी पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर पीड़िता को आरोपी के घर से रेस्क्यू ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सबरिया डेरा से 290 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम हसुवा की महिलाओं द्वारा गठित महिला कमांडो दल के नशा मुक्ति मुहिम का बड़ा असर दिखायी दे रहा है। महिलाओं के आंदोलन और जन दबाव के चलते आबकारी विभाग और गिधौरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सबरिया डेरा में अवैध शराब कारोबार पर

- हसुवा में महिला कमांडो दल की मुहिम रंग लाई, अवैध शराब पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई



बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने 290 लीटर महुआ शराब जब्त की, जबकि लगभग 2000 किलो लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।

यह कार्रवाई आबकारी वृत्त कसडोल की टीम ने कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता और जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आबकारी आयुक्त आर संगीता में निर्देशन में की गई। 13 नवंबर को हसुवा-बलौदा क्षेत्र में दबिश के दौरान दो बड़े ड्रमों में 250 लीटर और जरीकेन- ▶▶ शेष पेज 13 पर

### पचरी में 105 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**खरोरा।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, खरोरा थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 18.900 लीटर देशी मदिरा जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 11,100 आंकी गई है। जानकारी के अनुसार 12 नवम्बर को खरोरा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पचरी निवासी 52 वर्षीय आत्माराम घृतलहरे अपने घर पर अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, थाना पुलिस की टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। आरोपी के घर की तलाशी लेने पर अवैध शराब मिली। पुलिस ने मौके से 105 पौवा देशी मदिरा मसाला जब्त किया। आरोपी के पास शराब रखने या बेचने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने पंचनामा के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया और गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।



## बीएलओ मतदाताओं के घर-घर गणना पत्रक पहुंचा रहे

# एसआईआर के लिये 90 प्रतिशत गणना पत्रक वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर गणना पत्रक पहुंचाए जा रहा हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में 4 नवम्बर से बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण का कार्य शुरू किया गया है। बीएलओ द्वारा 13 दिन में जिले के 90 प्रतिशत मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में कुल 949277 मतदाता हैं, जिसमें से अब तक



862703 मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किया जा चुका हैं, जो कुल मतदाताओं का 90 प्रतिशत हैं। इसमें कसडोल विधानसभा अंतर्गत 362999 मतदाता, बलौदाबाजार विधानसभा के 260794 और भाटापारा विधानसभा के 238910 मतदाता शामिल हैं। एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर- घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य,9 दिसम्बर को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसम्बर से 8 जनवरी तक दावा और आपत्ति की अवधि, 9 दिसम्बर से 31 जनवरी तक नोटिस चरण एवं 7 फ़रवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।


BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 16/11/2025, शाम 5 बजे तक
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ के पूर्व संचालक एबी दुबे हुए सम्मानित

**रायपुर।** सतना जिले के हायर सेकंडरी स्कूल महुडर में आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व संचालक, शिक्षा एवं शिक्षाविद एबी दुबे का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और विशिष्ट अतिथि नौसेनाध्यक्ष एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी थे। श्री त्रिपाठी महुडर के निवासी हैं। श्री दुबे महुडर में 1969 से 1982 तक कार्यरत थे। उनकी शिक्षा और नैतिक दायित्वों की सीख के लिए श्री दुबे का सम्मान किया गया। वहीं सेनाध्यक्ष का सम्मान उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने किया और स्कूल के लिए एक जल जहाज का मोमेंटो तथा लैब के लिए रुपए दो लाख का चेक दिया गया।

### सहकारी समिति के जरिए हो किसान पंजीयन

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने मांग करते हुए कहा है कि किसानों का पंजीयन सहकारी समिति के जरिए जारी रखा जाए। पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कहा , सरकार की लापरवाही से प्रदेश में किसान परेशान है। एग्रोस्टेक पोर्टल में खराबी के कारण हजारों किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। इस कारण किसान धान ना बिकने की समस्या से चिंतित हैं। अब तक सरकार द्वारा जो गिरदावरी में आवेदन लिया गया है, उसमें किसान की भूमि, खसरा, फसल आदि का डेटा राजस्व अभिलेखों से मिलान नहीं हो रहा है। सरकार जल्द ही इस समस्या का समाधान करे, ताकि किसानों को उचित लाभ मिल सके।

### समिति की बैठक की मांग सीएस से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव विकासशील से भेंट कर परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित करने की मांग रखी थी। मुख्य सचिव ने सभी स्तरों पर परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने शासन स्तर से दिशा-निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया था। फेडरेशन के पत्र के अनुसार शासन द्वारा परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने संबंधी आदेश सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी किया गया है। संचालनालय स्तर पर परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित होने के बाद राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

### पीजी सीटों में स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता

**रायपुर।** चिकित्सा शिक्षा विभाग ने बुधवार की रात शासकीय एवं निजी मेडिकल कालेज की एमडी-एमएस सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिया है। योग्य अभ्यर्थी 13 से 18 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सभी श्रेणियों के 2 एवं एनआरआई कोटे के लिए 10 हजार निर्धारित किया है। इसके साथ ही पीजी प्रवेश के लिए नियम का निर्धारण भी किया है। इसमें राज्य के मेडिकल कालेजों की सीटों में स्थानीय अभ्यर्थी यानी आयुष विवि से संबंधित चिकित्सा महाविद्यालयों से एमबीबीएस की पढ़ाई करने वालों प्राथमिकता दी जाएगी।

# प्रायवेट लैब का भुगतान अटका, सिकलसेल की गंभीरता का पता लगाने वाली जांच ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार


सिकलसेल संस्थान पूर्ण सुविधाओं के साथ काम करने के लिए अपने नए भवन बनने और संसाधन जुटाने का इंतजार कर रहा है। इस बीच सिकलसेल की गंभीरता का पता लगाने की जाने वाली एचपीएलसी जांच पिछले डेढ़ माह से ठप हो चुकी है। सुविधा के अभाव से जूझ रहा संस्थान यह जांच निजी लैब से कराता था, जिसका पिछले 23 माह से भुगतान ही नहीं किया गया। कई रीमाइंडर के बाद भी 12.57 लाख से ज्यादा का बकाया नहीं मिलने पर संस्थान ने हाथ खड़े कर दिए।

जानकारी के अनुसार सिकलसेल संस्थान विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से आने वाले सैंपलों को जांच के लिए डीके अस्पताल में पीपीपी मोड पर संचालित लैब भेजकर जांच कराता था। इसके लिए बाकायदा सिकलसेल संस्थान के महानिदेशक द्वारा वर्ष 2022 को संचालक चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से अनुमति दी गई थी। संस्थान रियायती दर पर सिकलसेल के संदिग्ध मरीजों की जांच कर बीमारी की गंभीरता की रिपोर्ट देता था। इस आधार पर आवश्यक इलाज की प्रक्रिया शुरू की जाती थी।

सूत्रों के अनुसार पिछले सवा महीने से ठप पड़ी है, इसकी वजह संस्था का लंबित भुगतान है। सूत्रों का कहना है कि हर माह एचपीएलसी की जांच के लिए डेढ़ से दो हजार सैंपल यहां भेजे जाते थे। सिस्टम के तहत जांच की राशि का महीनेभर तो नियमित भुगतान हुआ। इसके बाद राशि पेंडिंग होती चली गई और 23 माह बीत गया। सितंबर तक भुगतान की लंबित राशि साढ़े 12 लाख से ऊपर हो गई। भुगतान के लिए कई बार निजी लैब द्वारा डीके अस्पताल प्रबंधन से लेकर सिकलसेल की महानिदेशक को रीमांडर भेजा गया ,मगर निराशा हाथ लगी है। लंबित राशि को देखते हुए आखिकार संस्थान की ओर से एक अक्टूबर से टेस्ट बंद कर दिया गया।

### प्राइवेट लैब में पांच से सात सौ

सूत्रों के मुताबिक स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न स्तर पर होने वाली स्क्रिनिंग के बाद संदिग्ध मरीजों के सैंपल एचपीएलसी टेस्ट के लिए सिकलसेल संस्थान भेजा जाता है। डीके अस्पताल के लैब में रियायती दर पर इसकी जांच हो जाती है, मगर प्राइवेट लैब में जाने पर मरीजों को टेस्ट के लिए पांच से सात सौ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। शासन स्तर पर जांच फिलहाल पेंडिंग है।



*25 हजार पंजीकृत मरीज : राज्य में वर्तमान में सिकलसेल के 25 हजार के करीब पंजीकृत मरीज हैं। इनके आधुनिक तरीके से इलाज और बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा के लिए सिकलसेल संस्थान को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की योजना है। इसके लिए लंबा समय बीतने के बाद भी भवन बनाने का काम प्रारंभिक चरणों में पूर्ण हुआ है। भवन पूर्ण होने और अन्य सुविधाएं जुटाने में काफी वक्त लगने की संभावना है। वर्तमान में सिकलसेल संस्थान मेडिकल कालेज भवन के एक हिस्से में तैयार हो रहा है।*

- सिकलसेल संस्थान में सुविधा नहीं, डीके अस्पताल के प्राइवेट लैब में होता है टेस्ट
- 12 .57 लाख से ज्यादा का बकाया, वर्ष 2022 से कराई जा रही एचपीएलसी जांच

### स्वशासी समिति की बैठक में होगा फैसला

जांच के लंबित भुगतान की जानकारी है। इस बारे में आने वाले दिनों में होने स्वशासी समिति की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। जांच की सुविधा शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी।
- डा. जयंती चंद्राकर, महानिदेशक, सिकलसेल संस्थान

## हेलमेट-सीट बेल्ट अनिवार्य का आदेश बना मुसीबत

# कलेक्टोरेट परिसर बना अवैध पार्किंग का अड्डा, लग रहा जाम

**परिसर में हर रोज जाम की स्थिति बन रही**

**पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला प्रशासन ने हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन तथा सीट बेल्ट लगाए बगैर चारपहिया वाहन को कलेक्टोरेट के अंदर परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा रखा है। यह आदेश अब प्रशासन के लिए ही मुसीबत बन गया है, क्योंकि इस आदेश के बाद कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पास तैनात पुलिस के जवान अब उन सभी दोपहिया एवं चारपहिया वाहन को प्रवेश करने से नहीं रोक रहे हैं, जो इस नियम का पालन कर रहे हैं, लेकिन इस छूट के कारण अब कर्मचारियों से लेकर बाहरी लोगों ने 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ी रखना ही बंद कर दिए हैं और सीधे कलेक्टोरेट परिसर में वाहन पार्क कर रहे हैं, जिसके कारण परिसर भी अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है। इसकी वजह से परिसर में हर रोज जाम की स्थिति बन रही है। यहां तक कि पैदल चलने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है।

### बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों को ही मल्टीलेवल भेजा जा रहा

कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पास आदेश का पालन कराने के लिए पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। ये पुलिस जवान हर दिन यहां तैनात रहते हैं, जो सिर्फ उन्हीं दोपहिया वाहन चालकों को अंदर प्रवेश करने से रोकते हैं, जो हेलमेट नहीं लगाए पहुंचते हैं। इन वाहन चालकों को मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन पार्क करने के लिए भेजा जा रहा है।







*कर्मचारियों एवं लोगों को जागरूक करने जारी किया था आदेश : राजधानी रायपुर सहित जिले के कई इलाकों में बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों तथा बगैर सीट बेल्ट लगाए चारपहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली आकस्मिक मौतों पर अंकुश लगाने के साथ लोगों में हेलमेट पहनने एवं सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कलेक्टोरेट परिसर में बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए वाहन के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। इस आदेश के बाद सरकारी कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भी हेलमेट पहनने के साथ सीट बेल्ट लगाना शुरू कर दिया है, लेकिन यह आदेश अब प्रशासन के लिए ही मुसीबत बन गया है।*

### कर्मचारी, वकील से लेकर आम लोग भी परिसर में पार्क कर रहे वाहन

*कलेक्टर के आदेश के बाद अधिकारियों के चारपहिया वाहन से लेकर सभी विभागों के कर्मचारी भी अपने दोपहिया वाहन को अब मल्टीलेवल पार्किंग की जगह कलेक्टोरेट परिसर में ही पार्क कर रहे हैं। इसके अलावा जिला कोर्ट के कई वकीलों के चार एवं दोपहिया वाहन भी परिसर में ही पार्क किए जा रहे हैं। इनके अलावा आम लोग भी जो हेलमेट लगाकर पहुंच रहे हैं, वे भी वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में ही पार्क कर रहे हैं।*

# संचालकों की पीड़ा- हमने जमा किया दुकानों का एडवांस किराया हाउसिंग बोर्ड ने लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- पत्रकार वार्ता में पीड़ितों ने कहा- किराया लेने के बाद बताया जा रहा अवैध कब्जा

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की एक बड़ी गड़बड़ी का खुलासा पीड़ितों ने किया है। टाटीबंध स्थित हाउसिंग बोर्ड की दुकान क्रमांक एक और दो को जिन लोगों को किराए पर दिया है, उन दुकान संचालकों द्वारा दिसंबर 2025 और मार्च 2026 तक का किराया एडवांस जमा किया गया है। इसके बाद भी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों ने अवैध रूप से कब्जा बताकर न केवल दोनों दुकानों में ताला लगा दिया है, बल्कि दुकान को खाली करवाए बिना ही उसे बेचने के लिए विज्ञापन जारी करते हुए दूसरे लोगों को बेच भी दिया है। राजधानी में अधिकारियों द्वारा की गई लापरवाही की जानकारी बुधवार को पत्रकार वार्ता में पीड़ितों ने दी। दुकान संचालक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि कुसुम शर्मा के नाम से 1979 में हाउसिंग बोर्ड की दुकान को किराए पर लेने के बाद रोजी-रोटी कमा रहे हैं। साथ ही बढ़ते क्रम में हर साल एडवांस किराया भी जमा करते रहे हैं। वर्तमान में भी दिसंबर 2025 तक का किराया बोर्ड के पास जमा है। कुछ इसी तरह की स्थिति विजय राज बोथरा की है। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 तक का किराया हमेशा की तरह एडवांस जमा है। इसके बाद भी 15 सितंबर को दुकान खाली करने के संबंध में सूचना पत्र दिया गया। इसमें लिखा गया था कि दुकान रिक्त कर देवें अन्यथा मंडल द्वारा पुलिस बल के माध्यम से रिक्त करवाने के लिए कार्रवाई की जाएगी। सूचना का जवाब देने के बाद बिना न्यायालयीन नोटिस और आदेश के दोनों दुकानों को सील कर दिया।

### किराया लेने के बाद बता दिया अवैध कब्जाधारी

उन्होंने बताया कि बोर्ड ने दुकानों में ताला जड़ दिया है। इससे रोजी-रोटी की समसया खड़ी हो गई है। 60 साल से ज्यादा की उम्र होने से हम कोई दूसरा काम भी नहीं कर सकते। ऐसी स्थिति में घर का खर्च वहन करना दूभर हो गया है। उधार में लिया गया सामान भी दुकान बंद होने से खराब होने की स्थिति में है। इससे 2 से 3 लाख के नुकसान की स्थिति है। जिनसे सामान उधार लिया है, वह पैसा जमा करने दबाव बना रहे हैं, क्योंकि किराया समय पर जमा करने के बाद भी हमें अवैध कब्जाधारी करार दिया गया। हमसे दुकानों का एडवांस किराया लेने के बाद भी दुकानों को दूसरे लोगों को बेच दिया।

# 5.64 लाख रुपए टैक्स बकाया, फर्म सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नगर निगम जोन 2 अमले ने की कार्रवाई

नगर निगम जोन 2 राजस्व विभाग ने बुधवार को राजीव गांधी वार्ड के बड़े बकायादार दिलीप कुमार पटेल की फर्म को सील कर दिया। उन पर 5 लाख 64 हजार 761 रुपए का टैक्स बकाया था। बकाया राशि का भुगतान करने उन्हें नियम अनुसार नोटिस दिया गया था, इसके बावजूद बकाया कर भुगतान नहीं करने पर फर्म को सीलबंद किया गया। नगर निगम का राजस्व महकमा इन दिनों बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली को लेकर अभियान चला रहा है। जोनवार चलाए जा रहे इस अभियान की कड़ी में बुधवार को जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के निर्देश पर जोन की राजस्व टीम ने राजीव गांधी वार्ड के बड़े बकायादार व भवन स्वामी द्वारा बकाया राशि का भुगतान नगर निगम को नहीं किए जाने पर तत्काल स्थल पर जाकर संबंधित फर्म को सीलबंद करने कदम उठाया। यह कार्रवाई उपायुक्त राजस्व जागृति साहू के निर्देश अनुसार की गई।

# रोड डिवाइडर पोल में होर्डिंग लगाया, जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




- 4 संस्थानों पर 22 हजार जुर्माना

नगर निगम जोन 3 अमले ने बुधवार को विज्ञापन बोर्ड चस्पा कर शासकीय संपत्ति का विरूपण करने वाले 4 संस्थानों पर नोटिस देकर जुर्माना किया। ये बोर्ड रोड डिवाइडर के स्ट्रीट पोल पर लगाए गए थे। इनमें समृद्धि अटलांटिस, नीलिया अपार्टमेंट, रेवोल्यूशन एंड डांस एकेडमी, मीनल एस सेलून के संबंधित संचालकों से 22 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। प्रक्रिया के तहत उन्हें नोटिस जारी कर भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा न दोहराने की हिदायत भी दी गई है।

निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 3 के नगर निवेश विभाग की टीम ने कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू और उप अभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में रोड डिवाइडर के स्ट्रीट पोल पर अवैध प्रचार विज्ञापन चस्पा कर शासकीय संपत्ति विरूपण किए जाने वाले संस्थानों पर कड़ाई बरती।

# एनडीपीएस के आरोपियों की संपत्ति की जानकारी जुटाने पुलिस को आईटी अफसर ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पुलिस मुख्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

मादक पदार्थों की तस्करी रोकना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही मादक पदार्थों के साथ जिन तस्करों को पुलिस गिरफ्तार करती है, उसके द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से कितनी संपत्ति अर्जित की है, इसकी जानकारी जुटाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले पकड़े जाते हैं और उन्हें सजा भी हो जाती है, बावजूद इसके उसने मादक पदार्थों से कितनी आय अर्जित की है, पुलिस इस बात की जानकारी नहीं जुटा पाती। ऐसे में अक्त अवैध कमाई का उपभोग तस्कर के करीबी या परिजन करते हैं। तस्करों ने मादक पदार्थ से कितनी संपत्ति अर्जित की है, इस बात की जानकारी जुटाने पुलिस मुख्यालय में पुलिस अफसरों की बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यशाला में आयकर विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ से अन्य केंद्रीय एजेंसी डीआरआई, कस्टम के अफसरों ने बताया कि पुलिस जब भी एनडीपीएस की कार्रवाई करती है, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को आरोपी के सभी प्रकार के वित्तीय दस्तावेज पासबुक, क्रेडिट, डेबिट कार्ड, पैन कार्ड आदि की जप्ती की जानी चाहिए। फाइनेंसियल इन्वेस्टिगेशन की दिशा में पैन कार्ड, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, इंकम टैक्स डिटेल, आईटीआर, बैंकिग ट्रांजेक्शन आदि के माध्यम से आरोपियों की संपत्ति की जानकारी कैसे जुटाई जा सकती है, कार्यशाला में इस बात की जानकारी दी गई। कार्यशाला का आयोजन राज्य के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम आईजी नारकोटिक्स रतन लाल डांगी के मार्गदर्शन में किया गया।









# गोल्डन अवर में अनमोल जान बचाना ट्रामा का मूल उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इमरजेंसी में ट्रामा में गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को सही उपचार देकर जीवन बचाया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ एम्स में आयुष विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के लिए ट्रॉमा केयर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में एयरवे प्रबंधन, स्पाइन स्थिरीकरण, कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर), सर्वाइकल कॉलर का उपयोग, हेलमेट हटाने की तकनीक, अंतःशिरा (आईवी) कैनुलेशन एवं स्यूचरिंग तकनीक जैसे आपातकालीन कौशलों का अभ्यास कराया गया।



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के ट्रॉमा एवं आपातकालीन विभाग ने आयुष मंत्रालय के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया। विभागाध्यक्ष ट्रामा एवं इमरजेंसी डॉ. देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी एआईआईएमएस रायपुर के मार्गदर्शन में चार दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहला प्रशिक्षण सत्र शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुआ। इसके बाद भारती आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज तथा महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज़, राजनांदगांव में कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

## पीडब्लूडी सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों की समीक्षा की

# राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत दिसंबर तक पूर्ण करें : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बरसात की समाप्ति के बाद राज्यभर में राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत का काम जोरों पर है। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने सभी सड़कों की मरम्मत का काम दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रगतिरत मरम्मत, नई सड़कों और नवीन परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के अधिकारियों से कहा गया कि बरसात के बाद अभी सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों को गति देने का अच्छा समय है। इसका सदुपयोग करते हुए कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं और उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत के दौरान ठेकेदारों से कहा गया कि एसटीएमसी के सभी कम्पोनेन्ट्स के काम कराएं। जिन सड़कों की मरम्मत के काम प्रारंभ हो चुके हैं, वे रुकने नहीं चाहिए। कार्यों को तेज गति से करते हुए दिसम्बर तक हर हाल में पूर्ण कराएं।



राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत के 20 काम प्रगति पर, 3 के लिए जल्द कार्यादेश जारी किए जाएंगे

### इन सड़कों का कार्यादेश जल्द

वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-43 कटनी-गुलमा मार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-45 रतनपुर-केंदा-केंवची मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-153 रायगढ़-सारंगढ़-सरायपाली मार्ग के विभिन्न खंडों की मरम्मत के लिए अनुबंध की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। शीघ्र ही इनके कार्यादेश भी जारी कर मरम्मत के काम शुरू किए जाएंगे।

### नए कार्यों में अधिग्रहण प्रक्रिया जल्द पूरा करें

राज्य में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों के प्राक्कलन, निविदा, कार्यादेश और कार्य प्रारंभ की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत राष्ट्रीय राजमार्गों के अर्थ वर्क आगामी जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण की जरूरत वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के नए कार्यों में अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने कलेक्टरों के साथ समन्वय से काम करने को कहा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने चिन्हांकित ब्लैक-स्पॉट्स को सुधारने के लिए प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिए।

# चारों श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' बना छग, दिखाया विकास का नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- नीति से नीयत तक - छत्तीसगढ़ का सुधार मॉडल बना राष्ट्रीय उदाहरण

छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर देशभर में अपनी पहचान सुधार और विकास के नए प्रतीक के रूप में दर्ज कराई है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'उद्योग संगम' में राज्य को बिज़नेस रीफॉर्म एक्शन प्लान की चारों प्रमुख श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ अब न केवल नीति निर्माण में, बल्कि नीति क्रियान्वयन में भी अग्रणी राज्यों की पंक्ति में शामिल हो चुका है।

यह उपलब्धि उस परिवर्तन यात्रा की गवाही है जो छत्तीसगढ़ ने बीते वर्षों में तय की है। कभी बीआरएपी रैंकिंग में निचले पायदान पर रहने वाला यह राज्य आज गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे औद्योगिक दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। यह परिवर्तन केवल अंकों का सुधार नहीं, बल्कि शासन की सोच और दृष्टिकोण में आए मूलभूत परिवर्तन का परिणाम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने सुशासन, पारदर्शिता और भरोसे पर आधारित प्रशासनिक ढांचा स्थापित किया है। इस ढांचे ने न केवल निवेशकों का विश्वास जीता है, बल्कि सामान्य नागरिकों के जीवन को भी सुगम और सशक्त बनाया है।

**खबर संक्षेप**

## ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद**। काशीपाली पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं घटना में उसकी पत्नी घायल है। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार राम प्रसाद साव पिता उसतराम साव (53 साल) निवासी पोटापारा थाना सरायपाली 11 नवंबर को अपनी पत्नी गोरी बाई को अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीसी 4920 में पीछे बिठाकर दशकर्म में शामिल होने ग्राम पोटापारा से बूटीपाली जा रहा था। ग्राम काशीपाली पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे एक बिना नंबर आयशर ट्रैक्टर का चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं खतरनाक ढंग से लापरवाहीपूर्वक चलाकर राम प्रसाद की मोटर साइकिल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पीछे बैठी मृतक की पत्नी गोरी बाई को घायल अवस्था में इलाज हेतु सीएचसी सरायपाली ले जाया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## शहीद स्मारक में लगाया गया गेंदा फूल का पौधा

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में गेंदा फूल के दो सौ पौधे लगाए गए। इसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक नंदकिशोर सिन्हा, पंच लतिका यादव, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, नंदिनी यादव आदि का सहयोग रहा।

## बड़े साजापाली में हुआ जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव

**सरायपाली**।ग्रामीण अंचल में छुपी खेल प्रतिभा को मंच प्रदान करने सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा है, इससे बच्चों को खेल में आगे आने के लिए न सिर्फ अवसर मिल रहा बल्कि आने वाले समय में ओलंपिक एशियाड जैसे खेलों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। उक्त बातें राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोरिया ने शाउमावि बड़े साजापाली के खेल प्रांगण में आयोजित जोन स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। समारोह की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीयूष ठाकुर ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी, संस्था प्रमुख एवं नोडल अधिकारी यूएस पटेल आदि उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष**

## नाबालिग से दुष्कर...

किया। पीड़िता के बयान में स्पष्ट हुआ कि आरोपी ने उसे बहलाकर शादी का झांसा देकर शोषण किया। प्रारंभ में आरोपी के पिता ने समाज के समक्ष शादी कराने का आश्वासन दिया, किंतु बाद में इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता के पिता ने 14 जनवरी को थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2), 87, 64(2)(M) BNS तथा धारा 4(2), 5(ठ), 6 लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। विवेचना पूर्ण होने पर मामला विशेष न्यायालय पॉक्सो बलौदाबाजार में प्रस्तुत किया गया।

अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक निशा शर्मा ने प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। कुल 10 साक्षियों के बयान के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोष सिद्ध पाया और कठोर दंड सुनाया।

## सबरिया डेरा से ...

पॉलिथीन में करीब 40 लीटर शराब बरामद हुई। आरोपी जितेंद्र गोंड टीम को देखकर मौके से फरार हो गया। उसके विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क)(च), 34(2) और 59(क) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। ऑपरेशन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, थाना गिधौरी पुलिस और वाहन चालक अन्नू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हेलीपैड पर मवेशियों का कब्जा, कर रहे बुल फाइटिंग, सुरक्षा में तैनात जवान हकालते दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाईवे से लेकर शहर के वीवीआईपी क्षेत्र, गली मोहल्लों में जहां तहां मवेशियों का झुंड मिलना आम बात है। मवेशी अब उन संवेदनशील क्षेत्र जिनकी गणना सबसे सुरक्षित क्षेत्र के रूप में होती है, मवेशी वहां तक पहुंच कर अपनी धमक दिखा रहे हैं। ऐसा ही नजारा शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड में देखने को मिला।

पुलिस लाइन स्थित हेलीबैंड में आधा दर्जन के करीब मवेशी अंदर जहां मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों का हेलीकॉप्टर लैंड होता है, उस जगह पर झुंड में दिखे। जहां मवेशी एकत्रित हुए थे, उसी जगह दो सांड आपस में फाइटिंग करते दिखे। मौके पर उपस्थित सुरक्षा के जवान मवेशियों को हकाल कर बाहर निकालने की कोशिश करते दिखा।

मवेशी भी इतने ढीठ की सुरक्षा बल के जवान हकाल कर बाहर निकालने की कोशिश कर रहा, लेकिन मवेशी अपनी जगह पर डटे दिखे। आपस में फाइट कर रहे मवेशियों को सुरक्षा जवान के हकालने का किसी भी प्रकार से असर होता नहीं दिख रहा।

**हाईवे से लेकर गली मोहल्लों तक मवेशियों का झुंड मिलना आम बात**



### इन प्रमुख चौराहों पर जमाए रहते हैं कब्जा

*शहर की सड़कों को मवेशी मुक्त करने का दावा कागजों तक सिमट कर रह गया है। शहर के प्रमुख स्थान जहां आए दिन वीवीआईपी लोगों की आवाजाही होती है, मुख्यमंत्री निवास जाने के मार्ग में जहां कई आईएएस, आईपीएस के साथ अन्य मंत्रियों का निवास है, उस मार्ग में मवेशियों के झुंड विचरण करते हुए देखे जा सकते हैं। ऐसे में शहर के अन्य हिस्सों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।*

**पहल : गांव में शिक्षा के प्रति विश्वास और उम्मीद का हुआ संचार**

# युक्तियुक्तकरण से चचरेल के प्राथमिक स्कूल में दो शिक्षक नियुक्त, पढ़ाई का स्तर बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगर से लगे वनांचल क्षेत्र के प्राथमिक शाला चचरेल में युक्तियुक्तकरण नीति लागू होने के बाद शिक्षा व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। कभी एकमात्र प्रधान पाठक के भरोसे संचालित यह विद्यालय अब दो शिक्षकों की उपस्थिति से नई ऊर्जा और उत्साह से भर गया है। विद्यालय में वर्तमान में 35 बच्चे अध्ययनरत हैं, जिनकी उपस्थिति और रुचि दोनों में वृद्धि हुई है। पहले शिक्षकों की कमी के कारण न तो पढ़ाई सुचारू रूप से चल पा रही थी और न ही अभिभावक बच्चों को नियमित रूप से भेजने में रुचि दिखा रहे थे। अब अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना से कक्षाओं का संचालन व्यवस्थित हुआ है और बच्चों की पढ़ाई में निरंतर सुधार हो रहा है।

पालक नोहर सिंह ने बताया कि पहले एक शिक्षक होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, पर अब तीन शिक्षक होने से बच्चों का मन पढ़ाई में लगने लगा है। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब वे निश्चिंत होकर बच्चों को विद्यालय भेज रहे हैं। युक्तियुक्तकरण से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय बताया।

ग्रामीण नरसिंह नाग ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षण व्यवस्था में जो सुधार आया है, वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। शिक्षक बच्चों को समर्पण भाव से पढ़ा रहे हैं और ग्रामीण भी समय-समय पर विद्यालय जाकर प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। शिक्षा विभाग की यह पहल न केवल विद्यालय बल्कि पूरे गांव में शिक्षा के प्रति विश्वास और उम्मीद का संचार कर रही है।

# स्काउट गाइड ने शिक्षक प्रशिक्षण पर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजार की आवश्यक बैठक विकासखंड संकुल स्त्रोत कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित की गई। बैठक में द्वितीय सोपान शिविर के आयोजन एवं गिरौदपुरी में होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण के बारे में चर्चा कर निर्णय लिया गया। द्वितीय सोपान जांच शिविर मोहतरा पूर्व माध्यमिक शाला में किया जाना संभावित किया गया। इसके लिए ब्लॉक के समस्त स्काउटर गाइडर को पूर्व तैयारी करने निर्णय लिया गया। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जिसमें विकासखंड में स्काउट गाइड की गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर स्थानीय संघ के अध्यक्ष मानक चंद्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष नरेश केसरवानी, महिला उपाध्यक्ष राजकुमारी, रजनी केसरवानी, सरिता मारके, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र वर्मा, स्थानीय संघ सदस्य प्रतिनिधि राज नारायण केसरवानी, मुरारी साहू, विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, वरिष्ठ स्काउट नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेंद्र सोनवानी, तिलक राम वर्मा, गंगाराम वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, भगवत प्रसाद चंद्राकर, धनेश कुमार वर्मा, माधुरी श्रीवास, पारसनाथ वर्मा, सनत खरे, अरविंद सिंह चौहान, गोरेलाल कठौते, वेद प्रकाश पाल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# रासेयो ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब द्वारा 14 नवंबर को बाल दिवस पर आयोजित होने वाले आनंद मेला के पूर्व शाला परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर की साफ सफाई एवं पुताई की। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के प्रभारी योगेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि प्रकृति की सेवा से लोगों में आत्मिक एवं मानसिक विकास होता हैं। इको क्लब दल नायिका लक्ष्मी साहू ने इको क्लब के सभी साथियों के प्रति आभार जताया। सायमा खान ने इको क्लब सभी साथियों को खाली समय में शाला परिसर में रोपित पौधे को पानी देने का संकल्प दिलाया। स्वच्छता पखवाड़ा में आइसा खान, मानसी ध्रुव, किरण साहू, दिगेश्वरी, हसीना, माया, सपना, नीतू, पायल, मानसी आदि लोगों ने हिस्सा लिया।

# रायपुर-बलौदाबाजार एनएच चौड़ीकरण के लिए भूमि खरीदी-बिक्री से प्रतिबन्ध हटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 बी के भैसा से किलोमीटर 139.400 ग्राम कुम्हारी बलौदाबाजार के अंतर्गत 4-लेन चौड़ीकरण के लिए तहसील पलारी, बलौदाबाजार, लवन एवं कसडोल अंतर्गत ग्रामों के प्रभावित खसरा एवं उसके 100 मीटर परिधि के खसरे को छोड़कर शेष खसरे की खरीदी बिक्री से रोक संबंधित भू-अर्जन अधिकारी द्वारा हटा दिया गया है। जानकारी के अनुसार तहसील पलारी अंतर्गत ग्राम खरतोरा, संडी, कोदवा, गोडा, गिर्रा, कुसमी, घोटिया, कुकदा, पहन्दा, पलारी, रसौटा, बिनौरी, अमेरा, मुडपार, तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सकरी, लिमाही, मगरचबा, तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पनगांव, बिटकुली, लवनबंद, डोटोपार, लाहोद, गिंदोला, खम्हारडीह, मुण्डा, चिरपोटा, कोवि लवन, कोरदा, डोंगरा, परसपाली, डोंगरीडीह एवं तहसील कसडोल अंतर्गत ग्राम चांटीपाली, दर्रा, कसडोल, छरछेद, छांछी, पिसीद, चण्डीडीह, सेल, कटगी के प्रभावित खसरा नंबर एवं प्रभावित खसरा की भूमि के परिधि से 100 मीटर की दूरी तक आने वाली खसरा नंबरों की भूमि को छोड़कर शेष भूमि पर लगायी गई रोक हटायी गई है।

# नई दिल्ली से मीडिया दल पहुंचा गिरौदपुरी, जैतखाम को देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



नई दिल्ली से प्रेस मीडिया, यूट्यूब चैनल, इलेक्ट्रानिक मीडिया के लगभग 45 लोगों का दल फ्लाईट से 13 नवम्बर को रायपुर पहुंचकर कार से गिरौदपुरी संत बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि पहुंचे। सबसे पहले दल ने कुतुबमीनार से भी ऊंचा जैतखाम का दर्शन किया। राजमहंत पी के घृतलहरे एवं कृष्ण कुमार मिरी पटवारी ने गिरौदपुरी धाम बाबा गुरु घासीदास की महिमा, दर्शनीय स्थलों के महत्व एवं वीर भूमि सोनाखान के इतिहास से दलों को अवगत कराया। एसडीएम कसडोल रामरतन दुबे, तहसीलदार टुण्डरा युवराज कुर्रे एवं कमलेश साहू सीईओ जनपद पंचायत कसडोल ने प्रशासनिक सहयोग किया। भ्रमण में आये दलों की अगुवानी दर्शन सिंह सिदार पीआरओ ने की। एक साथ इतने पत्रकारों का गिरौदपुरी दर्शन ऐतिहासिक रहा। सभी ने उत्सुकता एवं जिज्ञासा पूर्वक गिरौदपुरी के इतिहास को समझने की पहल की। देर शाम सभी रायपुर वापस पहुंचकर फ्लैट से दिल्ली लौट गये। मौके पर गिरौदपुरी अनुविभाग के सभी राजस्व अमले, नगर टुण्डरा के रेशम भारद्वाज, घनश्याम बारले भी शामिल थे।



# बाल दिवस के पूर्व स्कूल में हुई चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता



**बलौदाबाजार**। शिक्षा विभाग के समन्वय में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत बाल दिवस पर परियोजना कसडोल के उच्चतर माध्यम विद्यालय सरखोर में चित्रकला, निबंध, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न एवं वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ कौसिल्या सोनवानी के द्वारा विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

# जिले में पारा 3 डिग्री गिरा, जनजीवन पर पड़ रहा असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है, जिसके कारण तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों से रात का तापमान लगातार कम हो रहा है, लेकिन अब यह गिरावट अधिक स्पष्ट हो गई है। जिले में न्यूनतम तापमान में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है, जिससे क्षेत्र में अब कड़ाके की ठंड महसूस होने लगी है। मौसम में आए इस बदलाव ने न केवल लोगों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित किया है, बल्कि उन्हें अचानक गर्म कपड़ों का सहारा लेने पर भी मजबूर कर दिया है। जिले में न्यूनतम तापमान अब लगभग 13 सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जबकि अधिकतम तापमान अभी भी लगभग 27 सेल्सियस के करीब बना हुआ है, जैसा कि हाल के मौसम पूर्वानुमानों से पता चलता है। यह गिरावट नवंबर के मध्य में ठंड की आधिकारिक शुरुआत का संकेत देती है। सुबह और देर रात के समय तेज ठंडी हवाएं चलने लगी हैं, जिससे वातावरण में शीतलहर जैसा अहसास हो रहा है। विशेषकर जिले के ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों में ठंड का प्रकोप अधिक है, जहाँ तापमान मैदानी इलाकों की तुलना में और भी कम दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में उत्तर की ओर से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण रात के तापमान में यह गिरावट जारी रहने की संभावना है। यह मौसम किसानों और आम नागरिकों दोनों के लिए चिंता का विषय बन गया है, जिसके लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की जरूरत है।

### जनजीवन प्रभावित और बाजार पर असर

ठंड की इस अचानक दस्तक से जिले के जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सुबह-शाम बाजारों में लोगों की भीड़ कम हो गई है। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकल रहे हैं, वे पूरी तरह से गर्म कपड़ों, मफलर और टोपी में ढंके हुए नजर आ रहे हैं। सुबह के समय ठंड बढ़ने के कारण अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूलों के समय में बदलाव करने की मांग की है, ताकि छोटे बच्चों को सुबह कड़ाके की ठंड में स्कूल न जाना पड़े। सुबह के समय कई इलाकों में हल्का कोहरा भी दिखाई दे रहा है, जिससे दृश्यता कम हो गई है और सड़कों पर वाहनों की गति धीमी पड़ गई है।

### गरम कपड़ों की मांग

शहर के बाजारों में गर्म कपड़ों, हीटरों और अलाव की लकड़ियों की मांग अचानक बढ़ गई है। दुकानदारों ने भी बढ़ी हुई मांग को देखते हुए स्टॉक बढ़ा दिया है। विशेष रूप से ऊनी टोपी, स्वेटर और जैकेट की बिक्री में तेजी आई है। अचानक मौसम बदलने से सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जिला अस्पताल और निजी क्लीनिकों में ऐसे मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वे ठंड से बचाव करें और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें।

# अगहन गुरुवार पर घर-घर हुई मां लक्ष्मी की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अगहन मास के दूसरे गुरुवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालु महिलाओं ने विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर घर-घर भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। बुधवार शाम से ही श्रद्धालुओं ने घरों की विशेष साफ-सफाई कर आंगन में चावल के आटे से रंगोली बनाई और प्रवेश द्वार पर मां लक्ष्मी के पदचिह्न अंकित कर उनके आगमन का आह्वान किया।

गुरुवार की सुबह महिलाओं ने घी के दीप प्रज्ज्वलित कर फूल, रोली, पीला चावल और फलों का भोग अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने माता लक्ष्मी से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। धार्मिक मान्यता है कि अगहन मास में प्रत्येक गुरुवार को मां लक्ष्मी की आराधना करने से दरिद्रता का नाश होता है और घर में सदा लक्ष्मी का वास रहता है। कहा जाता है कि इसी समय किसान अपने खेतों से 'लक्ष्मी' स्वरूप धान घर लाते हैं और उसकी पूजा कर भंडार में रखते हैं। इस परंपरा को धन और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। महिलाओं ने दिनभर व्रत रखकर भोर, दोपहर और शाम तीनों बेला में मां लक्ष्मी को भोग अर्पित किया और परिवार के कल्याण की प्रार्थना की।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 नवंबर 2025 SHOW TIME
एम.ए. प्रीवियस (सीजी)
शो समय -12:00,3:00 PM
द ताज स्टोरी
शो समय - 6:00 PM, 9:00 PM
एक दीवाने की दिवानियत
शो समय - 6:00 PM
जटाधरा
शो समय - 12:00,03:00, 09:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# न्योता भोज में बच्चों को परोसी गई खीर, पूरी और चावल-दाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में आयोजित न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूरी, दाल, चावल और केला परोसा गया। नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी व शाला प्रबंधन समिति सदस्य सचिन अग्रवाल के प्रयास से संपन्न इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों ने आयोजन की प्रशंसा की।

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा अनिल सोनी और सचिन अग्रवाल ने जो पहल की है, वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के पोषण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाती है। ऐसे आयोजन नियमित होने चाहिए।

कार्यक्रम में पार्षद राकेश देवांगन, व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, सांसद प्रतिनिधि दुलेश साहू, योगेश द्विवेदी, गुरजीत कौर भाटिया, संजीव देवांगन, यज्ञदत्त शर्मा, सुनील नायक, गुरुदीप सिंह छाबड़ा, पंचराम यादव, रश्मि वर्मा, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, जयंती साहू, अल्का मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, मोगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, जगदेव बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजलि पान, शिवांगी निषाद सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने कराया आयोजन



### सामुदायिक भावना का प्रतीक बना भोज

प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा न्योता भोज सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि बच्चों में एकता, अनुशासन और खुशी का संचार करता है। आयोजकों का यह प्रयास सराहनीय है। हम इसे परंपरा बनाएंगे। नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित कुमार सेन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा अनिल सोनी, सचिन अग्रवाल और समस्त शाला परिवार का हृदय से आभार। यह आयोजन खरोरा की सामुदायिक भावना का प्रतीक है।

## खबर संक्षेप



### छग उत्थान समिति ने किया एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण

**खरोरा।** नगर के समीप परसवानी में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र प्रसाद वर्मा ने अपने माता पिता की स्मृति में बांधापार में पौधारोपण किया।

### बस्तर में हो रहा नीली क्रांति का आगाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में पिछले 25 वर्षों में मछलीपालन ने जो करिश्मा दिखाया है, वह किसी क्रांति से कम नहीं है। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रोत्साहन योजनाओं की सहायता से यहां मछली उत्पादन लगभग आठ गुना बढ़ गया है। जहां कभी सालाना उत्पादन महज 574 मीट्रिक टन था, वहीं आज 16 हजार मीट्रिक टन से अधिक उत्पादन हो रहा है। इसी तरह मत्स्य बीज उत्पादन भी 149 लाख फिंगरलिंग्स से बढ़कर 728 लाख से ज्यादा हो गया है। इस वृद्धि को और भी बल देने के लिए शासन द्वारा मछली पालन को कृषि का दर्जा प्रदान किया गया है। इसके बाद मत्स्यपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी मिल रही है। जिसमें एक लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के और तीन लाख रुपए तक महज एक प्रतिशत ब्याज पर सहजता से ऋण उपलब्ध है। पहले यह सुविधा सीमित और महंगी थी। जलकर और बिजली बिल में छूट ने भी मछलीपालकों एवं किसानों का हौसला बढ़ाया है। नतीजा यह कि दस हजार से ज्यादा मत्स्यपालकों एवं किसानों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है।

### डीएमसी ने किया अमलोर स्कूल का औचक निरीक्षण

**महासमुंद।** डीएमसी रेखराज शर्मा ने शासकीय प्राथमिक शाला अमलोर, मिडिल स्कूल अमलोर तथा हाई स्कूल अमलोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्था प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों के पास ब्लूप्रिंट अनिवार्य रूप से होना चाहिए। साथ ही प्राथमिक एवं मिडिल स्तर पर तिमाही, अर्द्धवार्षिक तथा वार्षिक परीक्षा के अधिभार की जानकारी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से होनी चाहिए। उन्होंने आगे निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी शीघ्रता से जनरेट किया जाए तथा जाति प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। हाई स्कूल में स्थापित आईसीटी केंद्र को प्रतिदिन संचालित करने के भी निर्देश भी दिए। बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने पर पालकों से नियमित संपर्क कर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कहा।

## आयोजन : नगर में गूंज उठा देशभक्ति का नारा

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर छात्रों ने निकाली भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा




पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ देशभक्ति माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों छात्रों, शिक्षकगण और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली में बच्चों द्वारा लगाए गए 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा।

बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित 'वंदे मातरम्' गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों में एकता और साहस का संचार किया था। इसी ऐतिहासिक गीत की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति के गौरव को पुनर्जीवित करना था।

रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा और देशभक्ति संदेश वाले बैनर लिए हुए पूरे जोश के साथ नारे लगाए। नगरवासियों ने रैली का स्वागत फूल बरसाकर और तालियां बजाकर किया, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा, वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ हमें स्वतंत्रता संग्राम की उस भावना से जोड़ती है जिसने भारत को आज़ादी दिलाई। यह गीत आज भी युवाओं के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित करता है।

शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा, वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि मां भारती की जयघोष है। आज की रैली ने साबित किया कि नई पीढ़ी देश की शान है।

उपाध्यक्ष सुमित सेन ने कहा, यह रैली केवल उत्सव नहीं, बल्कि संकल्प है कि हम अपने पूर्वजों के सपनों को साकार करेंगे और भारत को विश्व गुरु बनाएंगे।

प्राचार्य रजनी मिंज ने कहा, वंदे मातरम् भारत माता की जयकार का प्रतीक है। इस आयोजन के माध्यम से हम छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से अवगत करा रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सुमित सेन, पूर्व नप.अध्यक्ष अनिल सोनी, पार्षद राकेश देवांगन, जयप्रकाश वर्मा, अम्बिका बंछोर, हेमंत देवांगन, विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, शाला प्रबंधन समिति के सांसद प्रतिनिधि दुलेश साहू, सदस्य योगेश द्विवेदी, गुरजीत कौर भाटिया, संजीव देवांगन, यज्ञदत्त शर्मा, सुनील नायक, सचिन अग्रवाल, गुरुदीप सिंह छाबड़ा, पंचराम यादव, रश्मि वर्मा, संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी आदि शामिल हुए।



# बढ़ती ठंड से गरम कपड़ों की दुकानों में बढ़ी ग्राहकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

ठंड की शुरूआत होते ही गर्म कपड़ों की डिमांड बाजार में बढ़ गई है। लोग दुकानों में गर्म कपड़ों की खरीदी कर रहे हैं। वही होटल, चाय कैंटिन व ढाबों में गर्म पेय चाय काफी की बिक्री में इजाफा हुआ है। शहर के गर्म कपड़ों के बाजार में लुधियाना, पंजाब के गरम कपड़े बिक रहे हैं। खासकर जेंट्स स्वेटर, लेडिस स्वेटर, लेडिस जैकेट, जेंट्स जैकेट, बच्चों का जैकेट तथा उडी बड़ी तादात में लोग खरीद रहे हैं, वहीं बाजार में शॉल, पार्टी वियर, हेयर वुलन स्वेटर, टोपा, मोजा,

कंबल, चादर, मफलर, कंटोप सहित अन्य आयटमों की बंपर बिक्री होने से कपड़ा बाजार एक बार फिर दीपावली के बाद ठंड के कारण गरम हो गया है व लोग दूर-दूर से गरम कपड़ा खरीदने भाटापारा मार्केट पहुंच रहे हैं। बुधवार को भाटापारा कपड़ा बाजार में विभिन्न प्रकार के गरम कपड़ा खरीदने लोग यहां के दुकानों में पहुंचे। बढ़ती ठंड के बीच ग्राहकी का बाजार गरम रहा। बाजार में दुकानदारों के पास टोपा मोजा की भी भारी बिक्री हुई।

### नगर में लगने लगा सोलर पैनल

**सिमगा।** पीएम सौर बिजली घर योजना के तहत सिमगा के वार्ड 5 में परस पाटकर के यहां प्रधानमंत्री योजना के तहत सोलर पैनल लगाया गया, जिसमें एसबीआई सिमगा के बैंक अधिकारी चंद्रशेखर ने मौके पर आकर मुआयना किया।



# राजस्व शिविर में मौके पर हो रहा समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जिले में राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत क्लस्टर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों फौती, नामांतरण एवं बटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का ऑनलाइन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि एवं मौके पर ही नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिल कराया जा रहा है।

13 नवम्बर को बलौदाबाजार तहसील के ग्राम परसाभदेर, लवन के चिचिरदा, पलारी के अमेरा, भाटापारा के खोखली, सिमगा के दरचूरा, सुहेला के नवापारा, कसडोल के कोसमसरा क, टुण्डरा के मटिया एवं सोनाखान के ग्राम डुमरपाली में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दौरान बी-1 का वाचन, स्वामित्व कार्ड वितरण, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण तथा आय, जाति, निवास संबंधी समस्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टि किया गया।

# भागवत कथा के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा एवं वेदी की स्थापना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



नगर के कमल कालोनी में गुरुवार से श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा शुभारंभ के पूर्व महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली। इस दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ के साथ कथावाचक पं. झालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी सहित विद्वान आचार्यों का स्वागत किया गया।

विदित हो कि ओमप्रकाश एवं माया वर्मा द्वारा अपने पूर्वजों की याद में कथा कराई जा रही है। आचार्य झालेन्द्र कुंजबिहारी तिवारी ने बताया कि कथा प्रारंभ के प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाल वैदिक मंत्रों के साथ वेदी की स्थापना की गई। 14 नवंबर से कथा का शुभारंभ होगी, जिसमें गोकर्ण कथा, परीक्षित जन्म, वाराह अवतार, द्वितीय दिवस कपिल चरित्र एवं ध्रुव चरित्र, तृतीय दिवस जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र, चतुर्थ दिवस समुद्र मंथन, वामन अवतार, हरीशचंद्र कथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव होगा। वहीं पंचम दिवस बाल लीला गोवर्धन पूजा, छठवें दिवस रासलीला, कंसवध, गोपी प्रसंग, कृष्ण रूखमणी विवाह, सप्तम दिवस सुदामा कृष्ण मिलन परीक्षित मोक्ष, पश्चात कथा का विश्राम होगा। अष्टम दिवस गीता भवन, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा चढौत्री एवं भोगभंडारा का आयोजन होगा।

कथा के आयोजन कर्ता ओमप्रकाश माया वर्मा एवं उनके परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की आत्मा को मोक्ष प्रदान करने साथ ही सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर लोगों में भागवत प्रेम जगाने किया जा रहा है। कथा दोपहर एक बजे से प्रारंभ हुआ करेगी तथा कमल कालोनी में होगी। इस कथा का अधिक से अधिक लोग श्रवण करें एवं पुण्य के भागीदार बनें।

# स्वयंसेवक संघ ने प्रचार सामग्री का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

हर मंडल, हर गांव घर-घर संपर्क राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वृहत गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत आज रेस्ट हाउस खरोरा में उपखंड स्तर पर प्रचार सामग्री का वितरण हुआ। यह आयोजन खरोरा उपखंड के समस्त मंडलों के लिए किया गया। कार्यक्रम में तिल्दा खंड के खंड संघचालक सीताराम यादव उपखंड कार्यवाह गिलेश्वर साहू तथा सभी मंडल पालक एवं मंडल कार्यवाह उपस्थित थे। इस अभियान का मूल उद्देश्य संघ के विचार, कार्य एवं संगठन के प्रति समाज में आत्मीय संवाद स्थापित करना है, ताकि प्रत्येक परिवार तक राष्ट्र निर्माण की भावना पहुंचे बोध वाक्य हर मंडल, हर गांव, घर-घर संपर्क संघ के उस व्यापक संकल्प का प्रतीक है, जिसके माध्यम से कार्यकर्ता समाज के प्रत्येक व्यक्ति से आत्मीय संपर्क स्थापित कर राष्ट्र चेतना का संचार कर रहे हैं।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने यह निश्चय किया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम, प्रत्येक घर तक संगठन का संदेश पहुंचेगा और समाज में एकात्मता सहयोग एवं कर्तव्य-बोध की भावना और सुदृढ़ होगी।

## गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया अंतिम सम्मान

# आईटीबीपी के सिपाही अमोल माधवराव को दी गई अश्रुपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

- बीमारी से निधन पर 38वीं वाहिनी में शोक सभा आयोजित




38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल में तैनात सिपाही जीडी मास्के अमोल माधवराव का बीमारी के चलते निधन पर खरोरा कैम्प परिसर में शोक सभा एवं रायपुर में बल के रीति रिवाजों के अनुरूप अन्तिम विदाई दी गई। दिवंगत पदाधिकारी के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार हेतु पैतृक गांव खरजई, चालीसगांव, जलगांव (महाराष्ट्र) भेजा गया। उक्त शोक सभा में 38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल से रोशन सिंह असवाल, कमाण्डेंट एवं ज्ञानचन्द, डिप्टी कमाण्डेंट के साथ अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों द्वारा अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ-साथ रीत अर्पित की गई। इस बीच दिवंगत पदाधिकारी के परिवारजन भी उपस्थित रहे।

कमाण्डेंट द्वारा कर्मी के बल में तैनाती के दौरान किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कर्मी वर्तमान में नक्सल उन्मूलन अभियान में नारायणपुर जिले के अदर में तैनात था। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण कमाण्डेंट रोशन सिंह असवाल के अथक प्रयासों से तुरन्त हैलीकॉप्टर की मद्द से 8 नवम्बर को रायपुर श्री नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां 10 नवम्बर को सुबह 5 बजे उन्हें डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

